| IN MEMBER COMMITTEE | INCLUDES EXPERTS, CIVIL SOCIETY

# NCERT forms new panel for content in school textbooks

THE COMMITTEE MEMBERS INCLUDE AUTHOR, INFOSYS FOUNDATION CHAIR SUDHA MURTHY, AND SINGER SHANKAR MAHADEVAN






# RAJASTHAN

## People fed up with 'junge raj' of Cong: Arun Singh

HT Correspondent



## New youth policy soon to make Raj a leading state by 2030: CM

HT Correspondent



## Modi losing respect in his party, may face a revolt, says Gehlot

HT Correspondent

## Scheme launched for folk artistes in state

HT Correspondent


JAIPUR DEVELOPMENT AUTHORITY
Indira Circle, Jawahar Lal Nehru Marg, Jaipur-302004
NOTICE INVITING BID

HT Classifieds Sunday
www.htclassifieds.com

INANI MARBLES & INDUSTRIES LIMITED


Rajasthan State Beverages Corporation Limited

RajCOMP Info Services Limited (RISL)





## In exchange plan, Delhi Zoo to get stump tailed macaque



# एसबीआई कार्ड ने रुपे क्रेडिट कार्ड के ज़रिये यूपीआई ट्रांजैक्शन की सुविधा चालू की




**बिजनेस रेमेडीज/नई दिल्ली।** भारत में क्रेडिटकार्ड जारी करने के एकल व्यवसाय का संचालन करने वाली सबसे बड़ी कंपनी, एसबीआई कार्ड और नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) ने रुपे प्लेटफॉर्म पर जारी एसबीआई क्रेडिटकार्ड को यूपीआई से जोड़ने की घोषणा की है। एसबीआई क्रेडिटकार्ड के ग्राहक 10 अगस्त, 2023 से रुपे प्लेटफॉर्म पर जारी अपने क्रेडिटकार्ड के ज़रिये यूपीआई ट्रांजैक्शन कर पाएंगे। ग्राहक अपने क्रेडिटकार्ड को तीसरे पक्ष के यूपीआई ऐप्स के साथ पंजीकृत करके इस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। इससे रुपे प्लेटफॉर्म पर एसबीआई कार्ड का उपयोग करने वाले ग्राहकों के लिए अवसर और बढ़ जाएंगे, साथ ही उन्हें यूपीआई के ज़रिये बेहतर, सुविधाजनक और बिना किसी परेशानी के भुगतान की सुविधा का अनुभव प्राप्त होगा। रामा मोहन राव अमारा, एमडी एवं सीईओ, एसबीआई कार्ड, ने कहा, 'इस सुविधा की शुरुआत के साथ, अब एसबीआई कार्ड के ग्राहक एसबीआई कार्ड द्वारा जारी अपने रुपे क्रेडिटकार्ड का उपयोग यूपीआई प्लेटफॉर्म पर कर पाएंगे। मौजूदा दौर में यूपीआई एक बड़ा डिजिटल प्लेटफॉर्म बन चुका है, जिसके माध्यम से हर दिन लाखों ट्रांजैक्शन किए जाते हैं। इससे हमारे ग्राहकों को काफी सहूलियत मिलेगी और वे बिना किसी परेशानी के कहीं भी अपने कार्ड का उपयोग कर पाएंगे। इस घोषणा के साथ ही, इंडस्ट्री में क्रेडिटकार्ड के इस्तेमाल में भी जबरदस्त बढ़ोतरी दिखाई देने वाली है।' चर्चा को आगे बढ़ाते हुए दिलीप अस्बे, एमडी एवं सीईओ, एनपीसीआई, ने कहा, 'एसबीआई रुपे क्रेडिटकार्ड को यूपीआई से जोड़ना, सही मायने में भारत में डिजिटल पेमेंट की प्रगति में एक बड़ी उपलब्धि है। इस साझेदारी से एसबीआई रुपे क्रेडिटकार्डधारकों के लिए सहज तरीके से यूपीआई पेमेंट करना संभव हो जाएगा, और उन्हें डिजिटल रूप से सक्षम क्रेडिटकार्ड से लेनदेन का अनुभव मिलेगा। देश में क्रेडिटकार्ड की मांग बढ़ती जा रही है, जिसे देखते हुए लगातार इनोवेटिव पेमेंट सॉल्यूशंस उपलब्ध कराना बेहद जरूरी हो गया है, जो सुविधाजनक, तेज़ और सुरक्षित हो। रुपे क्रेडिटकार्ड को यूपीआई से जोड़ना भी इसी दिशा में उठाया गया एक कदम है।' कार्डधारक अपने एक्टिव प्राइमरी कार्ड्स को यूपीआई पर रजिस्टर कर सकते हैं और अपने क्रेडिटकार्ड का उपयोग करके मर्चेंट को भुगतान (P2M ट्रांजैक्शन) कर सकते हैं। ग्राहकों के लिए यह सुविधा निःशुल्क उपलब्ध है। ग्राहकों को अपने क्रेडिटकार्ड को यूपीआई के साथ सफलतापूर्वक जोड़ने के लिए इस बात को ध्यान में रखना जरूरी है कि, कार्डधारक का एसबीआई कार्ड के साथ पंजीकृत मोबाइल नंबर भी यूपीआई के साथ जुड़ा होना चाहिए।

# पैकिंग आवश्यकताओं के लिए पॉलीमर ड्रम्स बनाने वाली देश की प्रमुख कंपनी है 'पिरामिड टेक्नोप्लास्ट लिमिटेड'

## 18 अगस्त को खुलकर 22 अगस्त को बंद होगा कंपनी का आईपीओ

**बिजनेस रेमेडीज/जयपुर।** मुंबई आधारित 'पिरामिड टेक्नोप्लास्ट लिमिटेड' पैकिंग आवश्यकताओं के लिए पॉलीमर ड्रम्स बनाने वाली देश की प्रमुख कंपनी है। कंपनी द्वारा पूर्ण अथवा आंशिक ऋण अदायगी, कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं की पूर्ति व सामान्य कारपोरेट आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए पूंजी जुटाने हेतु बीएसई एवं एनएसई में मैनबोर्ड पर आईपीओ लाया जा रहा है। आज के लेख में हम कंपनी की कारोबारी गतिविधियों के साथ वित्तीय प्रदर्शन एवं इंडस्ट्री डायनामिक्स के बारे में जानने का प्रयास करेंगे।

**यह करती है कंपनी:** वर्ष 1997 में कंपनी का इनकॉरपोरेशन हुआ था। पिरामिड टेक्नोप्लास्ट लिमिटेड पॉलिमर-आधारित मोल्डेड उत्पाद (पॉलिमर ड्रम) बनाती है, जिसका उपयोग मुख्य रूप से रसायन, कृषि रसायन, विशेष रसायन और दवा कंपनियों द्वारा उनकी पैकेजिंग आवश्यकताओं के लिए किया जाता है। कंपनी पॉलिमर-आधारित बल्क पैकेजिंग ड्रम और इंटरमीडिएट बल्क कंटेनर (आईबीसी) बनाती है, साथ ही रसायनों, कृषि रसायनों और विशेष रसायनों की पैकेजिंग और परिवहन में उपयोग की जाने वाली पैकेजिंग के लिए एमएस ड्रम भी बनाती है। पिरामिड टेक्नोप्लास्ट ने 1998 में अपना व्यावसायिक उत्पादन शुरू किया और अब इसकी 6 से अधिक विनिर्माण इकाइयाँ हैं, जिनमें से चार भरूच, जीआईडीसी, गुजरात में स्थित हैं और दो सिलवासा, केंद्र शासित प्रदेश दादरा और नगर हवेली में स्थित हैं। उनकी पॉलिमर ड्रम विनिर्माण इकाइयों की कुल स्थापित क्षमता 20,612 एमटीपीए है, आईबीसी विनिर्माण इकाई की कुल स्थापित क्षमता 12,820 एमटीपीए है और एमएस ड्रम इकाई की कुल स्थापित क्षमता 6,200 एमटीपीए है। कंपनी अपनी सातवीं विनिर्माण इकाई के निर्माण की प्रक्रिया में है जो भरूच, जीआईडीसी, गुजरात में भी स्थित होगी। कंपनी ने सुरक्षा स्तरों को पूरा करने के लिए आईबीसी और एमएस ड्रम के लिए संयुक्त राष्ट्र अनुशंसा द्वारा उल्लिखित संयुक्त राष्ट्र प्रमाणन प्राप्त किया है। पॉलिमर ड्रम, कारबॉय, जेरी कैन, आईबीसी और एमएस ड्रम और सहायक उपकरण के निर्माण के लिए विनिर्माण इकाइयां आईएसओ 9001:2015/आईएसओ 14001:2015/आईएसओ 45001:2018 गुणवत्ता, पर्यावरण, स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रबंधन प्रणालियों द्वारा प्रमाणित हैं। कंपनी के एमएस ड्रम भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा निर्धारित आईएस 1783:2014 (भाग 1 और 2) के अनुसार गुणवत्ता मानकों को पूरा करते हैं।

**कंपनी का वित्तीय प्रदर्शन:** वित्त वर्ष 2021 में कंपनी ने 316.18 करोड़ रुपए का राजस्व एवं 16.99 करोड़ रुपए का कर पश्चात शुद्ध लाभ, वित्त वर्ष 2022 में कंपनी ने 402.64 करोड़ रुपए का राजस्व एवं 26.15 करोड़ रुपए का कर पश्चात शुद्ध लाभ और वित्त वर्ष 2023 में कंपनी ने 482.03 करोड़ रुपए का राजस्व एवं 31.76 करोड़ रुपए का कर पश्चात शुद्ध लाभ अर्जित किया है। वित्त वर्ष 2023 के 31 दिसंबर 2022 को समाप्त अवधि तक कंपनी की कुल असेट करीब 225.78 करोड़ रुपए, नेटवर्थ 107.25 करोड़ रुपए और रिजर्व एंड सरप्लस 75.97 करोड़ रुपए अर्जित किया है। कंपनी पर वर्तमान में कुल 55.34 करोड़ रुपए का कर्ज है। आईपीओ आने के बाद इसमें कमी आएगी। नेटवर्थ को देखते हुए कंपनी पर ऋण भार न के बराबर है। ईपीएस 10.24 के आधार पर कंपनी का आईपीओ 16.21 के पीई मल्टीपल पर आ रहा है। इस आधार पर कंपनी के आईपीओ के वैल्यूएशन को वाजिब कहा जा सकता है।

| IPO Highlights – Pyramid Technoplast Ltd | |
|---|---|
| IPO Opens on | August 18, 2023 |
| IPO Closes on | August 22, 2023 |
| Issue Price Band | Rs. 151-166 Per Share |
| Issue Size (No of Shares) | 92.20 lakh Equity Shares |
| Fresh Issue (No of Shares) | 55 lakh Equity Shares |
| Offer for Sale (No of Shares) | 37.20 lakh Equity Shares |
| Issue Size (Rs. Cr) | Rs. 139.22 – 153.05 crore |
| Listing on | BSE & NSE |

**इंडस्ट्री डायनामिक्स:** विशेषज्ञों का अनुमान है कि वैश्विक प्लास्टिक मोल्डेड इंडस्ट्री वर्ष 2030 तक 6.84 फीसदी की वार्षिक वृद्धि दर से आगे बढ़ेगी। इंटरमीडिएट बल्क कंटेनर (आईबीसी) बाजार का मूल्य 2021 में 21 बिलियन अमेरिकी डॉलर था और 2022 से 2029 की अनुमानित अवधि के दौरान 6.44 की सीएजीआर दर्ज करते हुए 2029 तक 34.60 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। बाजार को चलाने वाले प्राथमिक कारक सौंदर्य प्रसाधन और फार्मास्यूटिकल्स की बढ़ती मांग, विनिर्माण क्षेत्र में बढ़ते उद्यम, लघु उद्योगों के बीच आईबीसी की बढ़ती स्वीकार्यता, ई-कॉमर्स प्लेटफार्मों का प्रसार और पैकिंग में तकनीकी प्रगति हैं। देश में भी केमिकल उत्पादों की निर्माण गतिविधियों में बड़ी वृद्धि दर्ज की जा रही है। केमिकल उत्पादों के आसान ट्रांसपोर्टेशन के लिए क्वालिटी युक्त पॉलीमर ड्रम्स एक प्रमुख आवश्यकता है। उक्त तथ्यों से स्पष्ट है कि लंबे समय में पॉलीमर ड्रम की आवश्यकता बनी रहेगी। इस स्थिति का फायदा इस क्षेत्र में काम करने वाली कंपनी पिरामिड टेक्नोप्लास्ट लिमिटेड को दीर्घावधि तक मिलता रहेगा।

**आईपीओ के संबंध में जानकारी:** कंपनी का आईपीओ बीएसई एवं एनएसई में मैनबोर्ड पर 18 अगस्त को खुलकर 22 अगस्त,2023 को बंद होगा। कंपनी द्वारा 10 रुपए फेसवैल्यू के 9220000 शेयर बुक बिल्ट इश्यू प्रणाली से जारी 153.05 करोड़ रुपए जुटाए जा रहे हैं। आईपीओ में 5500000 फ्रेश शेयर जारी किए जाएंगे। जबकि कंपनी के वर्तमान शेयर धारकों द्वारा ऑफर फॉर सेल के माध्यम से 3720000 शेयरों की बि ी कर 61.75 करोड़ रुपए हासिल किए जाएंगे। कंपनी के आईपीओ का प्रबंधन बीआरएलएम कंपनी पीएनबी इन्वेस्टमेंट सर्विसेज लिमिटेड और फर्स्ट ओवरसीज कैपिटल लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है।

**नोट: यह लेख सिर्फ सूचना है और इसे निवेश सलाह नहीं समझा जाए।**

# भारतपे ने व्यापारियों के लिए भारतपेस्वाइप एंड्रॉइड मशीन लॉन्च की: अगले 12 महीनों में अपने पीओएस नेटवर्क को दोगुना करने की योजना

## भारतपे आने वाले महीनों में भारतपे स्वाइप एंड्रॉइड में नई सुविधाएं जोड़ेगा

**बिजनेस रेमेडीज/नई दिल्ली।** फिनटेक उद्योग में भारत के अग्रिम पंक्ति के नाम भारतपे ने आज अपने नए एंड्रॉइड पॉइंट ऑफ सेल (पीओएस) टर्मिनल के लॉन्च की घोषणा की। भारतपेस्वाइप एंड्रॉइड के नाम से जाना जाने वाला यह डिवाइस डिजिटल पेमेंट स्वीकृति के लिए डेबिट/क्रेडिट कार्ड, यूपीआई, मोबाइल वॉलेट और क्यूआर कोड सहित कई मोड प्रदान करता है। वर्ष 2020 में लाइनक्स आधारित पीओएस डिवाइस लॉन्च करने वाली कंपनी के पास पहले से ही देश के 400+ शहरों में 2 लाख से अधिक पीओएस मशीनों का नेटवर्क है और यह पीओएस श्रेणी में शीर्ष 3 फिनटेक कंपनियों में से एक है। भारतपे अपने व्यापारियों को लिनक्स आधारित पीओएस से नए एंड्रॉइड पीओएस डिवाइस में अपग्रेड करने का विकल्प देगी। इसके अतिरिक्त, कंपनी भारतपेस्वाइप एंड्रॉइड के लॉन्च के साथ, अगले 12 महीनों में अपने पीओएस नेटवर्क की संख्या को दोगुना करने की योजना बना रही है।

एंड्रॉइड 10 ऑपरेटिंग सिस्टम द्वारा संचालित नई डिवाइस में 5.5 इंच एचडी टच स्क्रीन और लंबे समय तक चलने वाली बैटरी है। फास्ट चार्जिंग और बेहतर कनेक्टिविटी के लिए 4 जी और वाई-फाई के साथ कम्पेटेबल है। भारतपे मर्चेंट ऐप समर्थित पीओएस सॉल्यूशन भारतपे क्यूआर और भारतपेस्वाइप पर लेनदेन के लिए त्वरित निपटान और सिंगल पॉइंट समाधान की सुविधा के साथ एक सरल और सहज इंटरफेस है। भारतपेस्वाइप एंड्रॉइड के साथ, व्यापारी मशीन पर उत्पन्न डायनामिक क्यूआर के माध्यम से क्यूआर भुगतान ले सकते हैं साथ ही किए गए क्यूआर भुगतान के लिए भौतिक रसीद भी तैयार कर सकते हैं। मर्चेंट डैशबोर्ड व्यापारी की आवश्यकता के अनुसार डिस्प्ले करते हुए लेनदेन और निपटान के कुशल प्रबंधन को सक्षम बनाता है। इसके अलावा, पीओएस मशीन के माध्यम से भुगतान स्वीकार करने से कंपनी को व्यापारी की साख का आकलन करने और अपने एनबीएफसी भागीदारों के माध्यम से व्यावसायिक ऋण की सुविधा प्रदान करने में मदद मिलती है।

लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए भारतपे के सीएफओ और अंतरिम सीईओ नलिन नेगी ने कहा, 'ऑफलाइन व्यापारियों के लिए अपने मजबूत फिनटेक पारिस्थितिकी तंत्र के माध्यम से भारतपे लाखों छोटे व्यवसायों और खुदरा विक्रेताओं को डिजिटल अर्थव्यवस्था के दायरे में लाया है। हमारे प्रोडक्ट सूट में नवीनतम भारतपेस्वाइप एंड्रॉइड एक शक्तिशाली लेकिन उपयोग में आसान उपकरण है जो हमारे व्यापारियों को अपने ग्राहकों को एक सहज और सुरक्षित भुगतान अनुभव देने में सक्षम करेगा। इसका उद्देश्य पड़ोसी किराना स्टोर से लेकर लग्जरी भोजन रेस्तरां या फिर सुपरमार्केट रेंज तक छोटे व्यापारियों से लेकर विभिन्न क्षेत्रों के व्यापारियों की एक विस्तृत रेंज को कवर करना है। हमें विश्वास है कि इस नए पीओएस के साथ हम अपने व्यापारी भागीदारों को एक शानदार अनुभव देंगे और इससे उन्हें अपना व्यवसाय आगे बढ़ाने में मदद करेंगे। भारतपे के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर-बैंकिंग और अलायंस संदीप इंदुरकर ने कहा, 'प्वाइंट ऑफ सेल्स (पीओएस) सहित विभिन्न भुगतान स्वीकृति पेशकशों के लिए बुनियादी ढांचा न केवल महानगरों और टियर 1 शहरों में, बल्कि टियर 2 और 3 शहरों में भी बढ़ रहा है। हम भारतपेस्वाइप एंड्रॉइड डिवाइसेज के लॉन्च के साथ पीओएस श्रेणी में अपनी प्रगति को लेकर उत्साहित हैं। आने वाले महीनों में, हम त्वाद में ईएमआई भुगतान, डिजिटल रसीदें और वॉइस नोटिफिकेशन जैसी पेशकशों के साथ एक अग्रणी पीओएस डिवाइस लॉन्च करेंगे, जो लाखों ऑफलाइन व्यापारियों और किराना स्टोर मालिकों के लिए पेमेंट लेना सहज करेगा। यह हमारे व्यापारियों को ग्राहक सेवाएं देन में सक्षम करेगा और उनका व्यवसाय मजबूत होगा। हम अपने 10 मिलियन से अधिक व्यापारी समुदाय को मजबूत बनाने और उनकी विकास की कहानी का एक महत्वपूर्ण पात्र बनने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

अपने पीओएस व्यवसाय के विस्तार के अगले चरण में भारतपे ने इंटीग्रेटेड इन्वेंट्री, बिलिंग और पेमेंट सॉल्यूशन लॉन्च करने की योजना बनाई है जो रेस्तरां और रिटेल स्टोर जैसे विशिष्ट उद्योग क्षेत्रों के लिए कस्टमाइज्ड होंगे।

# प्रीति इंटरनेशनल लिमिटेड ने घोषित किए तिमाही वित्तीय परिणाम, राजस्व एवं लाभ में दर्ज हुई बढ़त

**बिजनेस रेमेडीज/जयपुर।** जोधपुर आधारित हैंडीक्राफ्ट व स्क्रैप से बने स्पेशलाइज फर्नीचर निर्माण व निर्यात गतिविधियों में संलग्न कंपनी प्रीति इंटरनेशनल लिमिटेड ने 30 जून 2023 को समाप्त तिमाही वित्तीय परिणाम कंपनी की निदेशक मंडल की बैठक में प्रस्तुत किये। कंपनी ने 30 जून 2023 को समाप्त तिमाही में गत वित्त वर्ष की समान तिमाही में अर्जित 13.37 करोड़ रुपए के मुकाबले 17.84 करोड़ रुपए का राजस्व अर्जित किया। उक्त अवधि में कंपनी ने गत वित्त वर्ष की समान अवधि में अर्जित 1.57 करोड़ रुपए के कर पश्चात शुद्ध लाभ के मुकाबले 1.77 करोड़ रुपए का कर पश्चात शुद्ध लाभ अर्जित किया है। उक्त तिमाही में कंपनी ने 1.66 रुपए प्रति शेयर का ईपीएस अर्जित किया है।

# एकेजी एग्जिम लिमिटेड ने घोषित किए तिमाही वित्तीय परिणाम

**बिजनेस रेमेडीज/नई दिल्ली।** नई दिल्ली आधारित निर्यात गतिविधियों में संलग्न कंपनी एकेजी एग्जिम लिमिटेड 30 जून 2023 को समाप्त तिमाही वित्तीय परिणाम कंपनी की निदेशक मंडल की बैठक में प्रस्तुत किये। कंसोलिडेटेड बैलेंस शीट के अनुसार कंपनी ने 30 जून 2023 को समाप्त तिमाही में गत वित्त वर्ष की समान तिमाही में अर्जित 46.32 करोड़ रुपए के मुकाबले 56.24 करोड़ रुपए का राजस्व अर्जित किया। उक्त अवधि में कंपनी ने गत वित्त वर्ष की समान अवधि में अर्जित 38.64 लाख रुपए के कर पश्चात शुद्ध लाभ के मुकाबले 46.09 लाख रुपए का कर पश्चात शुद्ध लाभ अर्जित किया है।

**Tirupati Fincorp Limited**

**CIN:** L67120RJ1982PLC002438
**Regd. Off.:** Flat no. G2/G17, Raghuraj Enclave, Krishna Marg C-Scheme, Jaipur Rajasthan, Jaipur - 302001 | **Tel:** +91 022 71148504
**Email id:** info@tirupatifincorp.in | **Website:** http://www.tirupatifincorp.in/

**EXTRACT OF UNAUDITED FINANCIAL RESULT FOR THE QUARTER ENDED JUNE 30, 2023**

(₹ in Lakhs)

| Sr. No. | Particulars | As on 30.06.2023 | As on 31.03.2023 |
|---|---|---|---|
| | | Unaudited | Audited |
| 1 | Total Income from Operation | 65.58 | 1852.27 |
| 2 | Total Expenses | 14.20 | 1923.24 |
| 3 | Net Profit / (Loss) for the period before Tax | 51.37 | (69.05) |
| 4 | Net Profit / (Loss) for the period after Tax | 38.01 | (48.41) |
| 5 | Earnings per Share capital ( FV 10/- each<br>Basic<br>Diluted | <br>0.77<br>0.77 | <br>(0.98)<br>(0.98) |

**Note:** 1) The above is an extract of the detailed format of the Un-audited financial results for the first quarter ended June 30, 2023, which is duly approved by Board of the Directors of the company at the its meeting held on August 12, 2023 and its was further filed with BSE, under regulation no 33 of the SEBI (LODR) Regulation, 2015. The full format is also available on the website of the company i.e. http://www.tirupatifincorp.in/ and BSE's Website i.e. https://www.bseindia.com.

**For Tirupati Fincorp Limited**
**Sd/-**
**Arvind Gala**
**Director**
**DIN: 02392119**

**Place: Jaipur**
**Date: 12.08.2023**

# नुवोको विस्तास ने वित्त-वर्ष24 की पहली तिमाही के लिए अपने वित्तीय परिणाम घोषित किए

**बिजनेस रेमेडीज/मुंबई।** भारत में भवन निर्माण सामग्री के क्षेत्र की अग्रणी कंपनी, नुवोको विस्तास कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने 30 जून, 2023 को समाप्त तिमाही के लिए अपने वित्तीय परिणामों की घोषणा की, जिसका ऑडिट अभी किया जाना है। सम्मिलित रूप से 23.82 MMTPA की उत्पादन क्षमता के साथ, नुवोको विस्तास कार्पोरेशन लिमिटेड भारत में सीमेंट का उत्पादन करने वाला पांचवां सबसे बड़ा समूह है और पूर्वी भारत में सीमेंट की अग्रणी कंपनियों में से एक है। कंपनी के लिए समेकित सीमेंट बिक्री की मात्रा में साल-दर-साल के आधार पर 7% की वृद्धि हुई, और यह वित्त-वर्ष24 की पहली तिमाही में बढ़कर 5 MMT तक पहुंच गई। इसी अवधि के दौरान, कारोबार के संचालन से प्राप्त समेकित राजस्व साल-दर-साल के आधार पर 6% की बढ़ोतरी के साथ 2,805 करोड़ रुपये हो गया, जबकि साल-दर-साल के आधार पर 7% की बढ़ोतरी के साथ समेकित EBITDA 402 करोड़ रुपये तक पहुंच गया। प्रीमियम उत्पाद कंपनी के लिए एक प्रमुख आकर्षण क्षेत्र बने हुए हैं और वित्त-वर्ष24 की पहली तिमाही में कंपनी के सीमेंट कारोबार की मात्रा में 37% की हिस्सेदारी के साथ इसने बेहद महत्वपूर्ण योगदान दिया है। कंपनी ने पश्चिम बंगाल में अपने प्रीमियम कंपोजिट सीमेंट 'ड्यूरागार्ड F2F' का विस्तार किया, साथ ही वित्त-वर्ष24 की पहली तिमाही में 'इंस्टामिक्स सुपीरियर कॉलम कंक्रीट' और' आर्टिस्ट फ़्लोरिंग सॉल्यूशन' नामक बेहद खास रेडी-मिक्स कंक्रीट (RMX) प्रोडक्ट लॉन्च किया, जो दर्शाता है कि नुवोको प्रोडक्ट में इनोवेशन पर लगातार ध्यान दे रहा है। कंपनी सस्टेनेबिलिटी के अपने एजेंडे- यानी 'अपनी धरती की हिफाजत'- के वादे पर कायम है। कंपनी प्रति टन सीमेंट सामग्री1 पर 462 किलोग्राम CO2 के साथ सबसे कम कार्बन उत्सर्जन करती है।

| INDEX | | Above / Below | Conf. | | Normal Target | | On Trending times. | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | T1 | T2 | T3 | T4 | T5 | T6 |
| NIFTY Spot | For BUY Above | 19,454 | 19,470 | 19,483 | 19,496 | 19,514 | 19,526 | 19,564 | 19,606 |
| | For SELL Below | 19,402 | 19,387 | 19,374 | 19,361 | 19,342 | 19,331 | 19,293 | 19,251 |
| Bk.Nifty Spot | For BUY Above | 44,267 | 44,309 | 44,343 | 44,377 | 44,425 | 44,455 | 44,555 | 44,665 |
| | For SELL Below | 44,131 | 44,090 | 44,055 | 44,021 | 43,973 | 43,944 | 43,843 | 43,733 |

Date based on Previous day Closing Source: VAISHALI KALA

**प्रबंधन के आदेश से सूचना**

बिजनेस रेमेडीज के सभी पृष्ठों पर प्रकाशित खबर से प्रभावित होकर किसी भी प्रकार का निवेश या अन्य किसी भी प्रकार का निर्णय नहीं लेवें। अगर कोई ऐसा करता है तो इसकी समस्त जिम्मेदारी निर्णय लेने वाले के स्वंय की होगी। किसी भी प्रकार के नुकसान के लिए बिजनेस रेमेडीज जिम्मेदार नहीं होगा।

**ईनाणी मार्बल्स एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड**

पंजीकृत कार्यालय: आराजी नंबर 1312, उदयपुर-भीलवाड़ा राजमार्ग, माताजी की पांडोली के पास चित्तौड़गढ़ (राज.) 312001, भारत
ई-मेल: inanimarble@gmail.com, वेब: www.inanimarbles.com, दूरभाष नंबर: 0091-1472-240111
CIN No. : L14101RJ1994PLC008930

**30 जून 2023 को समाप्त तिमाही अन-अंकेक्षित वित्तीय परिणामों का विवरण**

(ईपीएस को छोड़कर रुपए लाखों में )

| क्र. सं. | विवरण | समाप्त तिमाही | | | समाप्त वर्ष |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 30.06.2023 | 31.03.2023 | 30.06.2022 | 31.03.2023 |
| | | (अन-अंकेक्षित) | (अंकेक्षित) | (अन-अंकेक्षित) | (अंकेक्षित) |
| 1. | परिचालन से कुल आय | 1,440.76 | 1217.16 | 2,548.15 | 7,380.67 |
| 2. | अवधि के लिए शुद्ध लाभ / (हानि) (कर, असाधारण और/या असाधारण वस्तुओं से पूर्व) | (76.63) | (36.04) | 82.77 | 120.89 |
| 3. | कर से पहले की अवधि के लिए शुद्ध लाभ / (हानि) (असाधारण और/या असाधारण वस्तुओं के बाद) | (76.63) | (69.80) | 82.77 | 87.13 |
| 4. | कर के बाद की अवधि के लिए शुद्ध लाभ / (हानि) (असाधारण और/या असाधारण वस्तुओं के बाद) | (76.63) | (71.19) | 66.25 | 56.43 |
| 5. | अवधि के लिए कुल व्यापक आय (कर के बाद की अवधि के लिए लाभ/(हानि) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद) शामिल) | (76.63) | (71.19) | 66.25 | 56.43 |
| 6. | इक्विटी शेयर पूंजी | 372.00 | 372.00 | 372.00 | 372.00 |
| 7 | पिछले लेखा वर्ष की बैलेंस शीट के अनुसार पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर रिजर्व | - | 4,787.61 | - | 4,787.61 |
| 8. | प्रति शेयर आय (रु. 2/- प्रत्येक) (जारी और बंद परिचालन के लिए)<br>(क) मूल | (0.41) | (0.38) | 0.36 | 0.30 |
| | (ख) तनुकृत | (0.41) | (0.38) | 0.36 | 0.30 |

टिप्पणियाँ:
उपरोक्त बीएसई लिमिटेड के साथ दायर त्रैमासिक/वार्षिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सार है जो सेबी के (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.bseindia.com और कंपनी की वेबसाइट www.inanimarbles.com पर उपलब्ध है।

ईनाणी मार्बल्स एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड के लिए
कृते/-
कैप्टन सुरेश कुमार ईनाणी
प्रबंध निदेशक
(DIN: 00219702)

दिनांक:11.08.2023
स्थान: चित्तौड़गढ़